# Uttar Pradesh Carrom Association (Regd.)

Affiliated with All India Carrom Federation

Baijnath Singh
President
(Englishiya Line-Varanasi)
Mobile : 9415222482

Zaheer Ahmad
Secretary
99/104, Nala Road
Noor Rupam Marriage Hall, Kanpur
Mobile : 7800232121

Ref. No.: ....................................

Dated : ....................................

उत्तर प्रदेश कैरम एसोसियेशन से सम्बद्ध सभी जिला ईकाइयों के सचिवों / अध्यक्षों एवं उत्तर प्रदेश कैरम एसोसियेशन पदाधिकारियों की सेवा में आवश्यक परिपत्र ।

प्रिय साथियों

आपको जानकर हर्ष होगा कि आगामी १६ से १९ अप्रैल २०२५ २०२५ के बीच दौरान ठाकुर हरनारायन सिंह ग्रूप आफ कालेज करैलबाग प्रयागराज (इलाहाबाद) में उत्तर प्रदेश कैरम एसोसियेशन द्वारा आयोजित और इलाहाबाद कैरम एसोसियेशन द्वारा नियोजित "उन्तीसवीं उत्तर प्रदेश राज्य सीनीयर कैरम चैम्पियनशिप २०२५-२६" का आयोजन होने जा रहा है ।

जिसमें उत्तर प्रदेश कैरम एसोसियेशन से सम्बन्ध जिला इकाइयों से स्टेट रैंकिंग छोड़कर पांच पांच महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों को प्रवेश दिया जायेगा ।

अतः आप अपने जनपद से शिर्ष पांच नामांकित महिला पुरूष खिलाड़ियों की इन्ट्री संलग्न प्रोफार्मा पर अपने हस्ताक्षर मुहर के साथ निर्धारित अवधि के अन्दर निम्नलिखित पते पर उत्तर प्रदेश कैरम एसोसियेशन के पास पंजिकृत डाक या एसोसियेशन के इ0 मेल आई0 डी0 अथवा एसोसियेशन के आफिसियल ह्वाट्स ग्रूप में निर्धारित शुल्क के साथ भेज सकते हैं ।

चैम्पियनशिप की नियमावली आपको इस सर्कुलर के साथ एसोसियेशन की बेबसाइट ,अधिकारिक फेसबुक पेज और अधिकारिक ह्वाट्सएप ग्रूप के माध्यम से भेजी जा रही है ।

आशा है आप समय से अपने खिलाड़ियों की प्रविष्टियां भेज कर सहयोग करेंगे । याद रखिये यदि आपने समय अपने जनपद की इन्ट्री नहीं भेजा तो बाद में आपकी इन्ट्री किसी भी हाल में स्वीकार नहीं की जायेगी ।

कार्यालय - उत्तर प्रदेश कैरम एसोसियेशन (रजि0)
एस0 २१/८२ इंगलिसियालाईन, वाराणसी -२२१००१

संलग्नक - उपरोक्तानुसार -

भवदीय,
जहीर अहमद
( जहीर अहमद )
सचिव
उत्तर प्रदेश कैरम एसोसियेशन

Scanned with OKEN Scanner

उन्तीसवीं उत्तर प्रदेश राज्य सीनीयर कैरम चैम्पियनशिप 2025–26
उत्तर प्रदेश कैरम एसोसियेशन द्वारा आयोजित
इलाहाबाद कैरम एसोसियेशन द्वारा नियोजित

---

## चैम्पियनशिप नियमावली

*प्रतियोगिता का नाम= 29 वीं उत्तर प्रदेश राज्य कैरम चैम्पियनशिप 2024=25 *

*आयोजन तिथि = 16 से 19 अप्रैल 2025 *

* आयोजन स्थल – दौरान ठाकुर हरनारायन सिंह ग्रूप आफ कालेज करैलबाग प्रयागराज, इलाहाबाद

* अध्यक्ष आयोजन समिति= *बैजनाथ सिंह अध्यक्ष = उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन एवं एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट आल इन्डिया कैरम फेडरेशन।

* चैम्पियनशिप सेक्रेटरी = एडवोकेट सिराजुद्दीन , मो0–8840135130 चैम्पियनशिप डायरेक्टर = जहीर अहमद = सचिव उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन। *
टेक्निकल डायरेक्टर = एन0के0जायसवाल इन्टरनेशनल अम्पायर।
*प्रधान निर्णायक =सरदार रणवीर सिंह = सीनियर नेशनल अंपायर एवम वरिष्ठ उपाध्यक्ष =उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन। *
*सहायक प्रधान निर्णायक =
1= रमेश कुमार वर्मा= इन्टरनेशनल अम्पायर एवम कोषाध्यक्ष = उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन ।*
2=श्री अशोक कुमार सिंह = नेशनल अम्पायर एवम संयुक्त सचिव उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन।

* स्थानीय सम्पर्क = इलाहाबाद1= एडवोकेट सिराजुद्दीन . चैम्पियनशिप सेक्रेटरी

*कार्यालय उत्तरप्रदेशकैरमएसोसिएशन= S.21/82 ,ईंगलिसियालाइन, वाराणसी ।

mob- 9415202422, ह्वाट्एप =9198942891,

e mail=upca0074@gmail.com, bnsingharya@gmail.com

जहीर अहमद

1= यह 29 वीं राज्य सीनियर कैरम चैंपियनशिप ऑल इंडिया कैरम फेडरेशन द्वारा निर्धारित नियमों तथा * लाज आफ कैरम *के अंतर्गत पर संपन्न कराइ जायेगी ।

2= चैम्पियनशिप में केवल उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन से संबंध जिला इकाई के ही खिलाड़ी जिनकी एंट्री उस जनपद के अध्यक्ष / सचिव के हस्ताक्षर से संलग्न प्रोफार्मा या जिले के पैड मुहर के साथ निर्धारित समय सीमा तक प्राप्त होगी वही स्वीकार की जाएगी।

3= सभी सम्बध्द यूनिट से पाच पाच पुरुष और महिला खिलाड़ी की इन्ट्री भेज सकते हैं

4= चैम्पियनशिप के लिए निर्धारित नियमों में किसी प्रकार का परिवर्तन या परिवर्धन का सर्वाधिकार चैम्पियनशिप कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा ।

5= चैम्पियनशिप में भाग लेने वाली सभी टीमों को निर्धारित प्रवेश शुल्क ₹ 250/ प्रति खिलाड़ी के हिसाब से एडवांस में या मैच शुरू होने से पूर्व उत्तर प्रदेश कैरम एसोसियेशन के **कोषाध्यक्ष** के पास जमा करना अनिवार्य होगा।

6= चैम्पियनशिप में प्रवेश की अंतिम तिथि 10 अप्रैल 2025 होगी ।

7= चैम्पियनशिप में प्रत्येक जिले से पिछली रैंकिंग खिलाड़ियों यदि उस जनपद के हों तो के अतिरिक्त केवल पांच- पांच खिलाड़ियों को ही प्रवेश दिया जाएगा, अतः सभी जिला इकाई अपने-अपने जनपद से जिला रैंकिंग के पांच खिलाड़ियों की ही प्रविष्टियां प्रेषित कर सकते हैं ।

-------------2



गंभीर हस्ताक्षर

Scanned with OKEN Scanner

8= चैम्पियनशिप में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को निशुल्क स्वच्छ आवास और प्रतियोगिता प्रारंभ होने की तिथि के एक दिन पूर्व ( रात का भोजन) से लेकर प्रतियोगिता समाप्ति वाले दिन तक दोनों समय का स्वच्छ भोजन ,नाश्ता तथा निशुल्क आवास की व्यवस्था होगी। इसके अतिरिक्त कोई यात्रा अथवा दैनिक भत्ता देय नहीं होगा और ना ही किसी को रेलवे स्टेशन / बस स्टेशन से प्रतियोगिता स्थल तक पहुंचने का कोई किराया देय होगा।

9= चैम्पियनशिप में प्रथम 6 स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का चयन अगली सीनीयर नेशनल कैरम चैंपियनशिप और प्रथम चार का फेडरेशन के लिए स्वतः हो जायेगा ।

9= उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन के सचिव, प्रधान निर्णायकऔर आयोजन सचिव के पास नियमानुसार चैम्पियनशिप का ड्रा निकालने, प्रोटेस्ट सुनने और उस पर निर्णय करने का संपूर्ण अधिकार होगा ।

.11= आयोजन समिति द्वारा उपलब्ध कराए गए खेल उपकरण अर्थात कैरम बोर्ड, स्टैंड ,गोटी, स्टूल/चेयर पर ही मैच खेले जाएंगे जो मानक के अनुसार ही होंगे और उसमें किसी प्रकार का खिलाड़ी द्वारा मांगा गया कोई अनुतोष प्रदान नहीं किया जाएगा ।

12= चैम्पियनशिप के सम्बन्ध में किसी भी न्यायालय का कोई भी आदेश वाध्यकारी नहीं होगा।

13 = सभी जनपदों की प्रविष्टियां उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन के आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप, ई मेल अथवा डाक द्वारा 10 अप्रैल 2025 तक भेजना अनिवार्य होगा।

----------------3



ज़हीर अहमद

Scanned with OKEN Scanner

14= बिना पहचान पत्र ( आधार कार्ड )के किसी भी खिलाड़ी को खेलने की अनुमति बिल्कुल नहीं दी जायेगी ।

15= सभी खिलाड़ियों को टूर्नामेंट प्रारंभ होने के 1 घंटा पूर्व प्रतियोगिता स्थल पर निर्धारित खेल कक्ष में उपस्थित होना अनिवार्य होगा और हर मैच के शुरु होने से पहले 10 मिनट पूर्व ही निर्धाति बोर्ड पर अपनी उपस्थिति से चीफ रेफरी को अवगत कराना अनिवार्य होगा।

16= सभी खिलाड़ियों को अपने-अपने जिले की टी-शर्ट पहन करके ही मैच खेलने की अनुमति मिलेगी अतः सभी जिले के सचिव अथवा अध्यक्ष अपने-अपने खिलाड़ियों को अपने जिले की टी शर्ट देकर ही चैम्पियनशिप में खेलने भेजें।

17- सभी मैचो में निर्णायकों द्वारा दिया गया निर्णय मानना जरूरी होगा, मैच के समय किसी भी कारण निर्णय से असन्तुष्ट होने पर चीफ रेफरी को कॉल किया जा सकता है और चीफ रेफरी द्वारा बोर्ड पर दिया गया निर्णय अंतिम एवम सर्वमान्य होगा।

*किसी विशेष तकनीकी कारण से खिलाड़ी के संतुष्ट न होने पर उस खिलाड़ी या उसके प्रतिनिधि द्वारा लिखित प्रोटेस्ट शुल्क 10 मिनट के अन्दर ₹500 के.साथ जमा करके प्रोटेस्ट कमेटी के सामने प्रोटेस्ट किया जा सकता है, जिसका निस्तारण आधे घंटे के अंदर प्रोटेस्ट कमेटी द्वारा कर दिया जाएगा जो अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

18= प्रतियोगिता कक्ष और आवासीय परिसर में किसी भी प्रकार का नशा जैसे, शराब, पान, गुटका खाना धूम्रपान करना ताश जुआ आदि खेलना पूर्णरुप से प्रतिबंधित होगा इसका उल्लंघन करने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।

----------4

गुधीर अरहग



Scanned with OKEN Scanner

4

19= खिलाड़ियों को चैम्पियनशिप में भाग लेने का प्रतिभाग प्रमाण पत्र और प्रतियोगिता में प्रथम आठ स्थान बनाने वालों को मेरिट सर्टिफिकेट तथा प्रथम तीन को साथ में ट्राफी और प्रथम आठ में से बाकी पाच स्थान प्राप्त करने वालों को मेरिट सर्टिफिकेट के साथ मेडल प्रदान किया जाएगा ।

विशेष *सभी प्रविष्टियों कि एक प्रति उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन के निम्नलिखित अधिकाधिक पते पर डाक द्वारा या एसोसिएशन केअधिकारिक ई0 मेल पर और अधिकारिक ह्वाट्एप ग्रूप में भेजी जायें जिसकी एक कापी आयोजन सचिव को अनिवार्य रूप से प्रेषित करें।

प्रतिलिपि=

माननीय अध्यक्ष महोदय=

उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन ।

सेवा में= समस्त सम्बध्द जिला ईकाई सम्बध्द उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन ।

भवदीय,

जहीर अहमद

(जहीर अहमद)

सचिव

उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन ।

Mob.7800232121

Scanned with OKEN Scanner